an>

Title: Regarding collapse of British-era Mumbai-Goa Highway Bridge.

श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) :अध्यक्ष महोदया, मैं शून्य काल में एक गंभीर घटना की ओर ध्यान आपका आकर्Âिषत करना चाहता हूं। महाराÂष्ट्र के रायगढ़ जिले में सावित्री नदी है। बहुत ज्यादा बारिश हो रही है, बाढ़ आ रही है। ...(व्यवधान) उस नदी पर वहां ब्रिटिश जमाने का ब्रिज था, जिसके बारे में उस वक्त ब्रिटिश लोगों ने भी भारत सरकार को लिखा था कि इसका आयुर्मान खत्म हो चुका है, इसलिए इसके ऊपर आना-जाना, यातायात बन्द करें। महाराष्ट्र ने दूसरी जगह पर ब्रिज तो बनाया है, लेकिन इस ब्रिज का भी उपयोग चालू रखा था। दुर्भाग्य से कल रात को भारी बारिश होने की वजह से वहां ज्यादा बाढ़ आ गयी और वह ब्रिज पूरी तरह से बह गया। ...(व्यवधान) जानकारी यह प्राप्त हो रही है उसके ऊपर से जाने वाली महाराÂष्ट्र सरकार के स्टेट ट्रांसपोर्ट की दो बसें, कई लग्जरी बसें और कुछ निजी वाहनों का भी यातायात चालू था।...(व्यवधान) रात साढ़े ग्यारह बजे का समय था, अमावस्या की रात थी, अंधेरा था, जिससे किसी को पता नहीं चला। यह जानकारी मिल रही है कि स्टेट ट्रांसपोर्ट की दो बसें, एक लग्जरी बसें और दस से पन्द्रह कारें बह चुकी हैं। ...(व्यवधान) देश के पंतप्रधान माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने कल रात ही महाराÂष्ट्र के मुख्यमंत्री जी से बातचीत की है, लेकिन इस सभागृह में हम जानना चाहते हैं कि एग्जैक्टली वहां की क्या स्थिति है? ...(व्यवधान) बही हुई एसटी बसों में जो लोग यात्रा कर रहे थे, उनको बचाने के लिए, उनकी शोध करने के लिए जो प्रयास हो रहे हैं, उनकी जानकारी दें। भविÂष्य में ऐसी घटना न हो, उसके लिए ऐसे पुराने ब्रिजेज पर भविÂष्य में यातायात चालू न रखा जाए, इसके बारे में भी मैं सभागृह में जानकारी चाहता हूं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री राजीव सातव,

श्री अरविंद सावंत,

श्री गजानन कीर्तिकर,

श्री राजन विचारे,

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे,

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे,

श्री आधलराव पाटील शिवाजीराव एवं

श्री प्रतापराव जाधव को श्री विनायक भाऊराव राऊत द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

गृह मंत्री (श्री राजनाथ सिंह) : अध्यक्ष महोदया, महाराÂष्ट्र के जिला रायगढ़ में सावित्री नदी के पुल पर हुई दुर्घटना निश्चित रूप से बहुत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: This is a very serious thing.

श्री राजनाथ सिंह: मैं माननीय सदस्य को जानकारी देना चाहता हूं कि बीती रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे महाराÂट्र के रायगढ़ जिले में, सावित्री नदी पर बना एक पुल, जो महाड़ कस्बे के पास, मुंबई-गोवा राजमार्ग पर स्थित है, नदी में पानी के तेज बहाव के कारण बह गया है। इस दुर्घटना में दो यात्री बसें और चार अन्य वाहनों के नदी में बहने की आशंका है। सरकार द्वारा कुछ प्रभावी कदम उठाये गये हैं। इस दुर्घटना की सूचना मिलने के साथ ही एन.डी.आर.एफ. की चार टीमें, जिनमें 115 सदस्य और 12 नावें हैं, तथा गहरे पानी में गोता लगा सकने वाले गोताखोर शामिल हैं, उनको राहत कार्य के लिए तैनात किया जा चुका है। मैंने स्वयं महाराÂष्ट्र के मुख्य मंत्री श्री देवेन्द्र फणनवीस जी से इस घटना के बारे में जानकारी हासिल की है। आर्म्ड फोर्सेज के दो हेलीकॉप्टर्स को राहत और बचाव कार्य के लिए तैनात किया जा चुका है। राज्य सरकार के अधिकारी मौके पर पहुंच गये हैं तथा परिस्थितियों का समुचित आकलन कर, पर्याप्त राहत कार्यों का समायोजन कर रहे हैं। मैं माननीय सदस्यों को यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि संकट की इस घड़ी में भारत सरकार राज्य सरकार के साथ मिलकर इस विपदा की स्थिति में हर संभव मदद दे रही है।